





नवभारत

भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल, 2026


# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## नोटिस का जवाब ना देने पर हुई कार्रवाई, विधायक पर रुपए और तहसीलदार पर दुकान मांगने के आरोप लगाए

नवभारत न्यूज

**बीना 29 अप्रैल. नगर पालिका द्वारा अवैध निर्माण को लेकर बुलडोजर करवाई करने पहुंचे गांधी चौराहा के पास जहां पर तीन सेट के माध्यम से दुकानों का निर्माण किया गया था.**

नगर पालिका का कहना था कि बगैर परमिशन कि यह निर्माण किया गया है. ना तो नामांतरण करवाया है ना ही नक्शा पास और ना ही कुछ भी कार्रवाई. तीन नोटिस देने के बाद भी सामने वाले के द्वारा कोई भी जवाब ना देना तब जाकर कड़े कदम उठाने पड़े. कार्रवाई शुरू होते ही मौके पर पहुंचे आमिर कुरैशी ने कार्रवाई का विरोध किया, बल्कि वह जेसीबी के सामने खड़े हो गए. पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की, लेकिन टस से मस नहीं हुए, उल्टे उन्होंने विधायक पर रुपए और तहसीलदार पर दुकान मांगने के गंभीर आरोप लगाए, जबकि एसडीएम पर उनका पक्ष नहीं सुनने का आरोप लगाया. मौके पर परिवार को अन्य सदस्यों के पहुंचने पर कार्रवाई को रोकना पड़ा और भूमि स्वामी को शेड हटाने का समय दे दिया.

नपा सीएमओ राहुल कौरव ने बताया कि आमिर कुरैशी ने गांधी तिराहे पर 600 वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति निर्माण किया है. उन्होंने नियमानुसार परमिशन लेने और शेड हटाने के लिए तीन नोटिस जारी किए गए, लेकिन उन्होंने नोटिस का जवाब नहीं दिया और न ही निर्धारित शुल्क जमा कर निर्माण की अनुमति ली. इसके चलते शेड हटाने की कार्रवाई की गई.

> कार्रवाई के दौरान आमिर कुरैशी पहुंचे और जेसीबी के सामने खड़े होकर कार्रवाई रुकवा दी. उन्होंने विधायक निर्मला सप्रे पर रुपए मांगने का आरोप लगाया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई अन्य निर्माण बिना अनुमति के हैं लेकिन सिर्फ उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने तहसीलदार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उनसे एक दुकान देने की मांग की थी, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया. इसके अलावा उन्होंने एसडीएम पर भी दस्तावेज देखने से इनकार करने का आरोप लगाया और कार्रवाई को एकतरफा व राजनीतिक बताया. इस पूरे घटना क्रम के बाद आमिर के परिवार के लोगों ने सीएमओ से शेड हटाने का समय मांगा. उन्होंने कहा कि मजदूर बुलाकर शेड हटा रहे हैं. इस पर सीएमओ ने उन्हें सुबह तक शेड हटाने का समय दे दिया. साथ ही चेतावनी दी कि यदि शेड नहीं हटाया तो दूसरे दिन किसी की बात नहीं सुनी जाएगी, शेड तोड़ दिया जाएगा. इस मामले में विधायक निर्मला सप्रे का कहना है कि वे संबंधित व्यक्ति को जानती तक नहीं हैं.सार्वजनिक रूप से लगाए गए इन आरोपों पर वे मानहानि का दावा और नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करेंगी. तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी ने कहा कि मेरे ऊपर लगे आरोप निराधार हैं, मैं एक माह की ट्रेनिंग पर गया था, मेरा नाम क्यों घसीटा जा रहा समझ से परे है.

## एक क्विंटल तार चोरी

**सागर.** मोतीनगर थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही का फायदा उठाकर चोरों ने 50 हजार रुपए कीमत का एल्युमिनियम तार पार कर दिया. पुलिस ने इस चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. मामले में चोरी गया पूरा तार भी बरामद कर लिया गया है. जानकारी के अनुसार भापेल स्थित बिजली कार्यालय के बाहर 33 केवी एल्युमिनियम तार के दो बंडल बिना सुरक्षा के खुले में रखे थे. इसी का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने करीब एक क्विंटल वजनी तार को ऑटो में भरकर मौके से गायब कर दिया. मनोरमा कॉलोनी निवासी रविन्द्र जैन की शिकायत पर मोतीनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. पुलिस टीम ने दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों में अनजार मकरानी, अर्जुन चढ़ार और प्रहलाद पाल शामिल हैं.

# स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित कराएं : मुख्य सचिव

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. मुख्यसचिव श्री अनुराग जैन ने प्रदेश की शालाओं में बच्चों का शतप्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.**

मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूलों में शतप्रतिशत बच्चों को प्रवेश के लिए बच्चों के नामांकन की सतत समीक्षा करें. सभी बच्चों का नामांकन कराना सुनिश्चित कराएं. एक-एक बच्चे की मॉनीटरिंग करें तथा शतप्रतिशत बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाएं. मुख्यसचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के कार्य को प्राथमिकता देते हुए इस कार्य की सतत रूप से समीक्षा करें. मुख्यसचिव श्री जैन ने उक्त निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को दिए.




> वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्कूलों में बालिका शौचालयों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यसचिव ने कहा कि प्रदेश के जिन स्कूलों में बालिका शौचालयों के निर्माण कार्य अधूरे हैं ऐंसे सभी अधूंरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं. शौचालयों में समुचित पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं वहीं शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य में लोगों का भी सहयोग लें. मुख्यसचिव ने वृन्दावन ग्रामों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि वृन्दावन ग्रामों का उद्देश्य लोगों की आय में बढोत्तरी करना है. बैठक में मुख्यसचिव ने कहा कि नागरिकों और ग्रामीणों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध होना चाहिए वहीं गेहूँ का उपार्जन भी प्रदेश में सहजता से होना चाहिए. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कमिश्नर सागर संभाग कार्यालय के एनआईसी कक्ष से संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस उप महानिरीक्षक सचेंद्र नाथ चौहान, अपर कमिश्नर पवन जैन, राजेश शुक्ला,विनय द्विवेदी, विमलेश सिंह, कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी विकास शाहवाल, डीएफओ चंद्रशेखर आदि मौजूद थे.

# केंद्र में 24 प्रकरणों निराकरण



नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरुवाखेड़ा में परिवेदना निवारण शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए 24 प्रकरणों का संकुल स्तर पर ही निराकरण कर दिया गया. विकासखंड स्तरीय समिति की सदस्य सोनम रोहितास एवं प्राचार्य रामलाल अहिरवार की उपस्थिति में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगदान दिया. प्राचार्य रामलाल अहिरवार ने बताया यह शिविर समाधान आपके द्वार की भावना को साकार कर रहा है.

## 2.5 करोड़ स्वीकृत

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2.5 करोड़ की स्वीकृति दी है. 2.5 करोड़ की लागत से बन रहा यादव समाज का यह सामुदायिक भवन पुराना खुरई के सागर रोड स्थित पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में निर्मित किया जाएगा. श्री सिंह ने सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. यादव समाज की ओर से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को स्वीकृत कराने पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह का आभार व्यक्त किया.

# सीएमओ ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

नवभारत न्यूज

**खुरई 29 अप्रैल. विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता, जलापूर्ति एवं अन्य व्यवस्थाओं का सीएमओ राजेश मेहतेले ने निरीक्षण किया.**

सीएमओ ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखी जाए और कचरा संग्रहण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए. जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नगर पालिका द्वारा संचालित नि:शुल्क प्याऊ केंद्रों की स्थिति का अवलोकन किया. इस दौरान जलापूर्ति प्रभारी रामगोपाल अहिरवार को निर्देश दिए गए कि सभी प्याऊ केंद्रों पर नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति न बने. स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त सार्वजनिक शौचालयों, सुलभ परिसरों एवं कचरा संग्रहण स्थलों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, साथ ही आवश्यकतानुसार रंगाई-पुताई एवं मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं.



# सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंस नाका में तीन लोक सेवकों की अर्धवार्षिक की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति से सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

कार्यक्रम में देवकी प्रसाद कोरी प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिव चरण मिश्रा प्रधानाध्यापक, एवं मंजूषा जैन सहायक ग्रेड 3 को शासकीय सेवा पूर्ण करने पर विदाई दी. मुख्य अतिथि प्राचार्य नरेंद्र सिंह राजपूत रहे. संचालन जयप्रकाश दुबे ने किया. इस दौरान उमाशंकर चाचोंदिया, श्यामसुंदर रजक, आरपी तिवारी मौजूद थे.

# गौवंश चोरी : तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. गोपालगंज थाना क्षेत्र के एकता कॉलोनी क्षेत्र में पिछले दिनों सीसीटीवी फुटैज में ऑटो में गौवंश ले जाते हुए सामने आए तीन शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है.**

थाना पुलिस एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम की मेहनत से इस संवेदनशील मामले का खुलासा किया गया. थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में टीम ने लगातार प्रयास कर आरोपियों तक पहुंच बनाई. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना गोपालगंज क्षेत्र में गोवंश चोरी के दो प्रकरण दर्ज किए गए थे. पहले मामले में फरियादी ध्रुव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एकता कॉलोनी के पास से अज्ञात ऑटो चालक उनकी सफेद गाय चोरी कर ले गया. वहीं दूसरे मामले में गौ रक्षा दल से जुड़े आशीष दुबे ने एक वायरल वीडियो के आधार पर शिकायत दर्ज कराई, जिसमें एकता कॉलोनी क्षेत्र से बछड़े को ऑटो में भरकर ले जाते हुए संदिग्ध दिखाई दे रहे थे. विश्लेषण के दौरान एक संदिग्ध पीले-काले रंग के ऑटो की पहचान की गई, जिस पर हरे रंग का स्टिकर लगा हुआ था. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी कासिम कुरैशी निवासी बाघराज वार्ड, शाहरुख कुरैशी निवासी राहतगढ़ बस स्टैंड, चाँद उर्फ दिलावर कुरैशी निवासी राहतगढ़ बस स्टैंड को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उक्त घटनास्थल से आरोपियों का जुलूस निकालते हुए पैदल न्यायालय तक ले जाकर पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है.



# 5 बोर से की जा रही है सप्लाई

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. बाघराज वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजकुमार पटैल ने बाघराज वार्ड में पेयजल संकट को लेकर कांग्रेस द्वारा किये गये प्रदर्शन के संबंध में जानकारी देते हुये कहा है कि मैं, पार्षद होने के नाते क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति करवा रहा हूँ.**

किशोर न्यायालय के आसपास क्षेत्र में महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा 5 हेंडपंप खनन किये गये है तथा नगर निगम द्वारा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु शीघ्र ही पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है जिसके टेंडर उपरांत एंजेसी निर्धारित हो चुकी है. किशोर न्यायालय क्षेत्र में अब प्रत्येक घर में नल कनेक्शन दिये जायेंगे. उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में बाघराज वार्ड सहित पूरे पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये महापौर एवं निगमायुक्त ने निर्देश दिये है कि पेयजल की आपूर्ति बाधित होती है अथवा पानी की समस्या सामने आती है तो ऐसे क्षेत्रों में टेंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जावे. श्री पटैल ने बताया किजिन क्षेत्रों में पेजयल की समस्या है वहॉ समाधान का कार्य हो रहा है.

# राजस्व संग्रहण व समाधान योजना की धीमी गति

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. मप्र पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. के प्रबंध संचालक अजय गुप्ता द्वारा संभागीय मुख्यालय के मकरोनिया विद्युत परिसर स्थित सभागार में, समस्त अधीक्षण अभियंताओं व कार्यपालन अभियंताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक के दौरान, प्रबंध संचालक अजय गुप्ता द्वारा राजस्व पैरामीटर्स, समाधान योजना की प्रगति, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे लाईन विस्तार कार्य, उपकेंद्र निर्माण व अन्य कार्यों की प्रगति, विद्युत प्रदाय में आने वाले व्यवधान, फेल ट्रांसफार्मर, स्मार्ट मीटर स्थापना व क्म्युनिकेशन, विद्युत बिल संबंधी शिकायतों के समाधान आदि बिंदुओं की बिंदुवार समीक्षा की गई. प्रबंध संचालक द्वारा, राजस्व संग्रहण व समाधान योजना की प्रगति धीमी होने पर, निर्धारित राजस्व संग्रहण, बिलिंग कलेक्शन इफीसियेंशी बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया. साथ ही, निर्देश दिये गये कि जिन संभागों में एटी एंड सी. लॉसेस बहुत ज्यादा हैं, उन्हें निर्धारित लक्ष्यानुरूप कम करने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जावें,ट्रांसफार्मरों समय से संधारण कर, विद्युत व्यवधान कम करते हुए विद्युत प्रदाय किया जावे.





# वेंटिलेटर : मौत की आहट नहीं है

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. बीएमसी में वेंटिलेटर और चिकित्सकों की तत्परता ने एक महिला को मौत के मुँह से बाहर निकाल लिया.**

मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में भर्ती एक गर्भवती महिला (9वां महीना) को एक्यूट पलमोनरी एडिमा की गंभीर शिकायत थी. इस स्थिति में मरीज के फेफड़ों में पानी भर जाता है, जिससे सांस लेना लगभग असंभव हो जाता है. भर्ती के समय महिला का ऑक्सीजन लेवल गिरकर महज 30-35% रह गया था, जबकि सामान्यत: इसे 98% होना चाहिए. मरीज को तुरंत एनेस्थीसिया आईसीयू में शिफ्ट किया गया. सही समय पर वेंटिलेटर सपोर्ट और गहन चिकित्सा का ही परिणाम रहा कि वह महिला पूरी तरह स्वस्थ है. इस उपचार में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की यूनिट प्रभारी डॉ. जागृति किरण नागर एवं डॉ. रुचि जायसवाल ने प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत देखभाल की कमान संभाली. विभागाध्यक्ष डॉ सर्वेश जैन की टीम ने चिकित्सा प्रबंधन कर मरीज की जान बचाई. अधिष्ठाता डॉ. पीएस ठाकुर ने कहा यह मामला संस्थान की विशेषज्ञता और संसाधनों की उपलब्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है.

## निष्पक्ष जांच की मांग

**सागर.** शासकीय अस्पताल मकरोनिया परिसर में शव मिलने की जानकारी लगने पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने मकरोनिया अस्पताल पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली तथा उपस्थित अस्पताल प्रबंधन आदि अन्य से चर्चा करने पर अस्पताल में इलाजरत स्व.नंदू की मौत व शव मिलने पर प्रथम दृष्टया अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही व मौत के लिये जबाबदेही को लेकरडॉ नीना गिडियन संयुक्त संचालक स्वस्थ सेवाएं सागर को वास्तविकता से अवगत कराते हुये मरीज की हुई मौत व शव अस्पताल परिसर में मिलने की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की. डॉ.गिडियन ने जांच व कार्यवाही का भरोसा दिलाया. इस दौरान देवेंद्र कुर्मी, संदीप चौधरी, रोहित वर्मा, मोतीलाल पटैल, राजा बुंदेला मौजूद थे.

# कुलदेवी की पूजा से संस्कारों की पूर्णता : सिंह

नवभारत न्यूज

**खुरई 29 अप्रैल. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने नगरपरिषद बांदरी के नेतना वार्ड क्र. 3 में दुबे परिवार,रजवांस द्वारा निर्मित कराए गये कुलदेवी माता बीजासन के नवीन देवी मंदिर का लोकार्पण किया.**

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने नेतना एवं इमलिया में बाउंड्री वाल, सीसी रोड, बस स्टैंड प्रतीक्षालय आदि विकास कार्यों की स्वीकृति दी. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री सिंह ने कहा कि हमारे धर्मशास्त्रों में कुलदेवी की मान्यता का बहुत महत्व है. कुलदेवी की पूजा परिवारों को जीवन पर्यंत अनिवार्य होती है और उनकी आराधना के बिना परिवार में कोई भी संस्कार अपूर्ण ही होता है. दुबे परिवार ने अपनी कुलदेवी माता बीजासेन का अच्छा मंदिर बना कर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया है. यह मंदिर नेतना के सभी परिवारों के लिए महत्वपूर्ण स्थल बन गया है जहां कथा, भंडारा, कीर्तन आदि आयोजन होते रहेंगे.

श्री सिंह ने कहा कि यहां आते हुए बांदरी के सांदीपनि विद्यालय के निर्माण कार्य का अवलोकन किया जो कि लगभग 40 करोड़ की लागत से लगभग पूरा हो चुका है. उन्होंने कहा कि जुलाई माह से इसमें कक्षाएं शुरू हो जाएंगी. मुझे यह जानकर आश्चर्य और दुख-सुख है कि बांदरी सांदीपनि विद्यालय का परीक्षा परिणाम औसत से कम आया है. इसके कारणों, भ्रष्टाचार और लापरवाही की जांच कराई जाएगी. इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर,नपा अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, नप सीएमओ संजय समुद्रे, बरोदिया कलां नगर परिषद उपाध्यक्ष संगीता दुबे, भाजपा नेता प्रदीप दुबे, पार्षद खलक सिंह, राजकुमार रिछारिया, संतोष पुजारी, सुदीप दुबे, रमेश दुबे, नारायण दुबे, मौजूद थे.





# ननि स्टोर शाखा का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 29 अप्रैल. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम की स्टोर शाखा के निरीक्षण के दौरान पुराने अनुपयोगी टायरों से निर्मित आधुनिक रचनाओं कलाकृतियों का अवलोकन किया.**

पुराने टायरों से मिक्कीमऊस, अजगर सांप, स्पोर्ट बाइक, घड़ी, कुआँ, बिल्ली, तीन पहिया वाहन, मछली, बिच्छू, सूर्य आदि मनमोहक कलाकृतियाँ बनाई गयीं है. इन्हें शहर के विभिन्न स्थलों पर स्थापित कर सुंदरता में चार चाँद लगाने की तैयरी की जा रही है. निगमायुक्त के नवाचारी प्रयोगों की श्रृंखला में कबाड़ संग्रह वाहन के रूप में एक और नवाचार की तैयारी जोरों पर नगर निगम आयुक्त श्री खत्री अपने नवाचारी प्रयोगों की श्रृंखला में एक और नवाचार जोड़ने जा रहे हैं. निगमायुक्त ने शहर में कबाड़ संग्रह वाहन तैयार करने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा की यह वाहन शहर में डोर टू डोर पहुंचकर लोहा, चददर, प्लास्टिक, कपड़े, डिब्बे आदि पुराने कबाड़ स्थिति की सामग्री का संग्रह करेगा.

# राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 29 अप्रैल. भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत देशव्यापी राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का शुभारंभ जनपद में हो गया है.**

इस योजना की शुरुआत जनपद की 109 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित संस्था श्रीमहावीर दिगम्बर जैन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गणेश वर्णी छात्रावास, साढूमल से की गई. जहां सुरक्षित दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ की गई. इस योजना के अंतर्गत जिले के निजी एवं सरकारी पुस्तकालयों, संग्रहालयों, शिक्षण संस्थानों, शोध संस्थानों, संस्कृत पाठशालाओं, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरुकुलों तथा ट्रस्टों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया जाएगा. विद्यालय ट्रस्टी एवं जैन दर्शन-प्राकृत भाषा मनीषी डा.सुनील जैन ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन भारत की समृद्ध पांडुलिपि परंपरा को संरक्षित करने की अत्यंत महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पहल है. उन्होंने कहा कि यह मिशन भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा.



# रेलवे स्टेशन पर बदमाशों का खुलेआम गुंडई प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सागर 5 जनवरी. शहर में कानून-व्यवस्था की हालत कितनी ढीली हो चुकी है, इसका खुला नजारा केंट थाना क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन क्रमांक-1 के बाहर देखने को मिला. कुछ बदमाशों ने खुलेआम गुंडई का प्रदर्शन किया है. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया है.**

जानकारी के अनुसार पार्किंग में खड़ी बाइकों को लात मारकर गिराया गया, गालियां बकी गईं और पूरी करतूत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, हद तो तब हो गई जब आरोपी कैमरे के सामने ही पुलिस को ललकारते नजर आए **'बुला लो जिसे बुलाना है... बुला पुलिस को...** यानी कानून को सीधी चुनौती और सिस्टम को खुला संदेश.

रेलवे स्टेशन जैसा संवेदनशील इलाका, जहां हर वक्त सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, वहीं बदमाशों ने बेखौफ होकर हंगामा किया, गाड़ियां गिराई और वीडियो बनाकर निकल गए, मौके पर कोई रोकने नहीं पहुंचा, इससे साफ है कि बदमाशों में पुलिस का डर खत्म होता जा रहा है और पेट्रोलिंग व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है. रेलवे स्टेशन की घटना कोई इकलौती वारदात नहीं है, शहर में अलग-अलग नामों से कई गैंग सक्रिय हैं जो अपने-अपने इलाके में दबदबा बनाने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं, ये गैंग समूह बनाकर घूमते हैं, छोटी-छोटी बातों पर विवाद करते हैं और फिर उसे मारपीट या तोड़फोड़ में बदल देते हैं, सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर दहशत वाली छवि बनाना इनका नया तरीका बन गया है. शहर में पिछले कुछ समय से कटरबाजी और चाकूबाजी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं, मामूली विवादों में धारदार हथियार निकालना अब आम होता जा रहा है, कई इलाकों में राह चलते लोगों पर हमला, और डराने-धमकाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं.

> सूत्रों के मुताबिक इन गैंगों में बड़ी संख्या में नाबालिग शामिल हैं, जिनकी उम्र 14 से 18 साल के बीच बताई जा रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ मेडिकल स्टोर बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली गोलियां बेच रहे हैं. वायरल वीडियो में युवक गाड़ियों को गिराते, गालियां देते और पुलिस को बुलाने की चुनौती देते नजर आ रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है अब हर गली-मोहल्ले में ऐसे गैंग हो गए हैं, स्टेशन जैसे इलाके में घटना होना संकेत है कि हालात नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं.